हरिभूमि

# नर्मदापुरम भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, बुधवार 21 जनवरी 2026

06 गंज आबकारी से करबला तक बनेगी 2850 मीटर...



07 कलश यात्रा के साथ गूंजे नर्मदा महिमा के उद्घोष...





## खबर संक्षेप

### विद्युत उपभोक्ता सुनवाई बैठक 22 को

**नर्मदापुरम।** उप महाप्रबंधक नर्मदापुरम वृत्त ने बताया कि मध्यप्रदेश विद्युत नियामक आयोग के निर्देशानुसार, विद्युत उपभोक्ता शिकायत निवारण फोरम चांदबढ़, भोपाल द्वारा विद्युत उपभोक्ताओं की शिकायतों की सुनवाई के लिए 22 जनवरी को वृत्त स्तर नर्मदापुरम पर बैठक आयोजित की जा रही है। यह बैठक हरदा, नर्मदापुरम और बैतूल वृत्त के उपभोक्ताओं की समस्याओं का निराकरण करने के लिए आयोजित की जा रही है।

### एसटीआर से 27 गौर का द्वितीय चरण में स्थानांतरण

**नर्मदापुरम।** क्षेत्र संचालक सतपुड़ा टाइगर रिज़र्व नर्मदापुरम ने बताया कि मध्यप्रदेश वन विभाग द्वारा वन्यजीव संरक्षण एवं पारिस्थितिक संतुलन को सुदृढ़ करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाया जा रहा है। सतपुड़ा टाइगर रिज़र्व से बांधवगढ़ टाइगर रिज़र्व में वायसन के पुनर्स्थापन हेतु कुल 50 गौरों के स्थानांतरण की योजना को दो चरणों में क्रियान्वित किया जा रहा है।

### जनसुनवाई में 71 आवेदनों पर हुई सुनवाई

**नर्मदापुरम।** मंगलवार को कलेक्ट्रेट कार्यालय में जनसुनवाई कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें जिला पंचायत सीईओ हिमांशु जैन ने अधिकारियों के साथ जनसामान्य की समस्याओं पर गंभीरता से सुनवाई कर उनका निराकरण किया। जनसुनवाई में आए 71 आवेदनों पर सुनवाई की गई। उन्होंने संबंधित विभागों के अधिकारियों को प्राप्त आवेदनों का शीघ्र निराकरण करने के निर्देश दिए। जनसुनवाई में जिले के विभिन्न आवेदन आए जिसमें प्रधानमंत्री आवास योजना आदि शामिल हैं।

### नपाध्यक्ष और सीएमओ ने सफाई व्यवस्था में तेजी लाने के दिए निर्देश

# मां नर्मदा प्रकटोत्सव के पहले सफाई व्यवस्था का किया औचक निरीक्षण

नर्मदा जयंती और गौरव दिवस के पहले सफाई व्यवस्था का औचक जायजा नपा अध्यक्ष और सीएमओ ने लिया। इस दौरान काम में तेजी लाने के निर्देश संबंधित अधिकारी और कर्मचारियों को दिए।

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

मंगलवार को नपा अध्यक्ष और सीएमओ संभागीय मुख्यालय की सड़कों पर मातहतों के साथ नर्मदा जयंती और गौरव दिवस की तैयारियों के लिए चल रही सफाई व्यवस्था का औचक निरीक्षण करने पहुंचे। इस दौरान उन्होंने स्वच्छता कर्मचारियों को बेहतर और तेजगति से सफाई करने के निर्देश दिए, ताकि शहर में स्वच्छता को लेकर किसी भी प्रकार की कोताही न बरती जाए। यह दौरान नपाध्यक्ष नीतू यादव और सीएमओ हेमेश्वरी पटैल ने अलसुबह से दोपहर तक किया। आकस्मिक निरीक्षण के दौरान उन्होंने कर्मचारियों से स्वच्छता संबंधी जानकारी भी ली और स्वच्छता अभियान को तेजगति से चलाने के निर्देश दिए। जब नपा का मुखिया सड़कों पर उतरकर स्वयं स्वच्छता व्यवस्था देखता है और कर्मचारियों का हाल जानता तो कर्मचारियों का हौसला बढ़ता है तथा वह और भी बेहतर तरीके से काम को अंजाम देते हैं। निरीक्षण के दौरान उपयंत्रीद्वय दीक्षा तिवारी, आयुषी रिछारिया, स्वच्छता निरीक्षक कमलेश तिवारी, सुपरवाईजर, पार्षद प्रतिनिधि पूनम मेषकर आदि उपस्थित थे।




#### सुबह देखी सफाई व्यवस्था

नपाध्यक्ष नीतू महेंद्र यादव द्वारा अलसुबह इंदिरा चौक पर चल रहे विशेष सफाई अभियान का निरीक्षण किया गया। इस दौरान उन्होंने तेजगति से कार्य किए जाने के निर्देश दिए। साथ ही कहा कि स्वच्छता अभियान में किसी भी तरह की लापरवाही न करें।

#### बिजली कार्यालय के पास नाली हो गई थी चौक

बिजली कार्यालय के पास नाली चौक होने की सूचना पर नपाध्यक्ष नीतू महेंद्र यादव एवं मुख्य नगरपालिका अधिकारी हेमेश्वरी पटले वहां पहुंची और नगरपालिका की स्वच्छता टीम को नाली सफाई के तत्काल निर्देश देकर समस्या का समाधान कराया।

#### बस स्टेंड पुराना आरटीओ आफिस गाड़ियों का निरीक्षण

नपाध्यक्ष और सीएमओ द्वारा बस स्टेंड के पास स्थित पुराने आरटीओ कार्यालय पहुंची जहां उन्होंने नगरपालिका के समूचे वाहनों का निरीक्षण किया तथा वाहनों की जानकारी ली। जो खराब वाहन हैं उनकी तत्काल मरम्मत कराने के निर्देश दिए।

#### भोपाल तिराहे पर गुणवत्तापूर्वक काम करने के दिए निर्देश




जयपुर के धोलपुरी पत्थरों से गुलाबी नगरी की तर्ज पर नर्मदापुरम का भोपाल तिराहा संवर रहा है। जहां प्रवेश करते ही मां नर्मदा के दर्शन होंगे। साथ ही नर्मदे हर के जयकारे भी दीवारों पर उकेरे गए हैं। जिसका जायजा नगर पालिका अध्यक्ष ने मंगलवार को लिया। नपाध्यक्ष नीतू महेन्द्र यादव द्वारा अवलोकन किया गया। साथ ही कार्य को तेजगति से गुणवत्तापूर्ण करने के निर्देश दिए। ध्यान रहे कि भोपाल तिराहे पर द्रुतगति से कार्य चल रहा है। मंगलवार को देर शाम तक भोपाल तिराहे पर लगी डीपी, खंबे सब हटा दिए गए हैं।

#### अन्य स्थानों पर किया निरीक्षण

नपाध्यक्ष नीतू महेन्द्र यादव द्वारा नगरपालिका की टीम के साथ ही वार्ड नंबर 4 में स्थित श्रीरामलीला मैदान का निरीक्षण किया गया। इस दौरान उन्होंने वहां व्यवस्था सुदृढ़ करने और मैदान की साफ सफाई के विशेष निर्देश दिए। मंगल भवन का भी निरीक्षण किया गया।




### पचमढ़ी छावनी परिषद पर सवालिया निशान

## ब्लैकलिस्टेड जीएसटी नंबर पर चलता रहा ठेका

हरिभूमि न्यूज ⏭ पचमढ़ी

छावनी परिषद कार्यालय पचमढ़ी में इन दिनों कार्यप्रणाली और पारदर्शिता पर बड़े सवालिया निशान खड़े हो रहे हैं। विभाग की एक बड़ी लापरवाही सामने आई है, जिसमें एक ठेकेदार जीएसटी विभाग द्वारा 'ब्लैकलिस्ट' किए जाने के बावजूद परिषद में धड़ल्ले से काम करता रहा और विभाग उसे भुगतान भी करता रहा। मामला उजागर होने के बाद अब विभाग में हड़कंप मचा हुआ है।




#### क्या है पूरा मामला?

जानकारी के अनुसार, 'राय ट्रेडर्स' नामक फर्म को जीएसटी विभाग ने नियमों के उल्लंघन के चलते काफी समय पहले ब्लैकलिस्ट कर उसका नंबर कैंसिल कर दिया था। इसके बावजूद, छावनी परिषद के अधिकारियों और कर्मचारियों की कथित अनदेखी के कारण इसी कैंसिल नंबर पर ठेके का संचालन होता रहा। विभाग ने न केवल फर्म से काम लिया, बल्कि उसके खातों में भुगतान भी जारी रखा।

#### एक ही नाम, दो अलग नंबर

हैरान करने वाली बात यह है कि जब पुराना जीएसटी नंबर बंद हुआ, तो ठेकेदार ने उसी नाम (राय ट्रेडर्स) से एक दूसरा जीएसटी नंबर ले लिया। पुराने और नए नंबर में समानता का फायदा उठाते हुए इसे परिषद के दस्तावेजों में शामिल कर दिया गया। आरोप है कि विभाग के किसी भी जिम्मेदार कर्मचारी ने इस बदलाव की न तो जांच की और न ही यह जानने की कोशिश की कि पुरानी फर्म को ब्लैकलिस्ट क्यों किया गया था।

#### मिलीभगत और भ्रष्टाचार का अंदेशा

इस पूरे घटनाक्रम में छावनी परिषद के कर्मचारियों की भूमिका संदिग्ध मानी जा रही है। चर्चा है कि ब्लैकलिस्टेड फर्म को भुगतान जारी रखने और बिना गहन जांच के नए नंबर को स्वीकार करने के पीछे 'कमीशन' का खेल हो सकता है। अंदेशा जताया जा रहा है कि मिलीभगत के चलते ही नियमों को ताक पर रखकर ठेकेदार को अनुचित लाभ पहुंचाया गया। हालांकि सिर्फ सूत्रों से मिली जानकारी है। इस संबंध में छावनी परिषद पचमढ़ी सुपरीटेंडेंट, लवकेश कुमार साहू ने बताया कि ऑफिस में शिकायत मिलने के बाद हमने जांच की है। यह सही पाया गया कि जेसीबी कार्य के ठेके में दिया गया जीएसटी नंबर विभाग द्वारा बंद किया जा चुका था। ठेकेदार ने उसी नाम पर दूसरा जीएसटी नंबर लिया है। हमने संबंधित ठेकेदार को कारण बताओ नोटिस जारी कर 3 दिन में जवाब मांगा है। जवाब संतोषजनक न होने पर कठोर कार्रवाई की जाएगी। क्या नोटिस देना महज एक औपचारिकता है या वाकई दोषियों पर गाज गिरेगी?

## युवाओं को रोजगार से जोड़ने प्रशिक्षण संपन्न



हरिभूमि न्यूज ⏭ माखननगर

श्री माखनलाल चतुर्वेदी शासकीय महाविद्यालय माखन नगर में प्राचार्य डॉ नीता चौबे के निर्देशन में संपन्न स्वामी विवेकानंद कैरियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ द्वारा आयोजित प्रशिक्षण में प्रथम प्रशिक्षण ज्वेलरी मेकिंग तथा द्वितीय प्रशिक्षण झूठ बैग निर्माण था का समापन किया गया। जिसमें छात्राओं द्वारा कड़ी मेहनत और लगन से बनाई गई सामग्रियों की प्रदर्शनी भी लगाई गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सुरेश अग्रवाल अध्यक्ष जनभागीदारी समिति द्वारा छात्राओं को उज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी। मनीष चतुर्वेदी ने कहा कि यह भारतीय परंपरा का अद्भुत उदाहरण है। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से प्रशिक्षक नीतू राजपूत, ललित राजपूत, प्रीति विश्वकर्मा,मिनल अग्रवाल रही। इनके साथ ही टीआई अनूप उइके, बालाजी आईटीआई से नारायण कीर, निरंजना दुबे रावत उपस्थित रहे। छात्राओं को प्रमाणपत्र वितरण भी किए गए इसके साथ ही। प्रदर्शनी का अवलोकन भी किया गया। कार्यक्रम का आयोजन स्वामी विवेकानंद कैरियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ प्रभारी डॉ.क्षमा मेहरा द्वारा किया गया।

## यात्रियों को नहीं मिल रही थी बेहतर सुविधाएं

### पार्किंग स्टैंड संचालक कर रहा था ज्यादा वसूली

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

जिला मुख्यालय पर बने रेलवे स्टेशन के अजब हाल है। स्टेशन को प्रदेश स्तरीय बना दिया गया है लेकिन यात्रियों की सुविधाओं का अभी तक ध्यान नहीं दिया जा रहा है। मंगलवार को पश्चिम मध्य रेल उपयोगकर्ता परामर्शदात्री समिति के सदस्य योगेंद्र सिंह राजपूत नर्मदापुरम रेलवे स्टेशन पहुंचे। जहां निरीक्षण के दौरान जेडआरयूसीसी सदस्य ने रेलवे स्टेशनों की सुविधाओं को देखा। इस दौरान उन्होंने पार्किंग स्टैंड का जाएजा भी लिया।



#### निर्धारित दर से अधिक पैसे वसूलने पर नाराजगी

जेडआरयूसीसी सदस्य योगेंद्र सिंह राजपूत ने रेलवे स्टेशन पर बनी पार्किंग का निरीक्षण किया और नाराजगी जाहिर की। इस दौरान पार्किंग ठेकेदार को उन्होंने कहा कि पार्किंग स्टैंड पर निर्धारित दर से अधिक पैसे वसूल करने की शिकायत प्राप्त हो रही है इसे ठीक किया जाए नहीं तो कार्रवाई की जाएगी। वहीं प्लेटफार्म नंबर दो पर बने एक्सीलरेटर को देखकर उन्होंने इसकी सुविधा जल्दी चालू करने के लिए स्टेशन मास्टर से कहा है। इस दौरान उन्होंने प्लेटफार्म नंबर एक और दो पर पहुंचकर सफाई व्यवस्था देखी।

#### बेहतर सफाई व्यवस्था बनाने के निर्देश

प्लेटफार्म की सफाई व्यवस्था पर जेडआरयूसीसी सदस्य ने नाराजगी व्यक्त करते हुए यहां की स्वच्छता व्यवस्था सुधारने के निर्देश दिए। स्टेशन पर चल रहे निर्माण कार्य की सामग्री इधर-उधर फैलने से भी उन्होंने नाराजगी जाहिर की। उन्होंने कहा कि निर्माण सामग्री से यात्रियों को असुविधा हो रही है। स्थानीय लोगों ने उनसे मिलकर कहा कि ग्वालटोली पुलिया में भर रहे पानी भर जाने से हमें आवागमन में दिक्कत होती है इसका जल्द ही कुछ निराकरण किया जाए। रेलवे स्टेशन निरीक्षण के दौरान जेडआरयूसीसी सदस्य राजपूत के साथ नंदकिशोर यादव , अमित महालहा , मनीष परदेशी, पार्षद नरेंद्र पटेल, देवानंद यादव, निखिल चौरे, श्रीराम सगर ,स्टेशन प्रबंधक देवेंद्र सिंह चौहान, डीसीआई डीके वर्मा, जेई प्रतीक अवस्थी सहित रेलवे स्टेशन का स्टाफ मौजूद रहा।

## हिंदी सलाहकार समिति की बैठक में राज्यसभा सांसद हुईं सम्मिलित

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

केंद्रीय पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री भूपेन्द्र यादव की अध्यक्षता में मंगलवार को नर्मदापुरम से राज्य सभा सांसद माया नारोलिया दिल्ली स्थित इंदिरा पर्यावरण भवन में हिंदी सलाहकार समिति की बैठक में सदस्य के रूप में सम्मिलित हुईं। राज्यसभा सांसद माया नारोलिया बतौर सदस्य उपस्थित रहीं और उन्होंने अपने विचार व सुझाव रखे। बैठक के दौरान राज्यसभा सांसद ने हिंदी भाषा के प्रचार-प्रसार, इसके प्रभावी उपयोग और सरकारी कार्यों में हिंदी की भूमिका को और सशक्त बनाने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि हिंदी देश की व्यापक जनसंख्या से जुड़ने का सशक्त माध्यम है और इसके माध्यम से जनहित से जुड़ी नीतियों का प्रभावी संप्रेषण संभव है।



#### केंद्रीय मंत्री ने सदस्यों के सुझावों की सराहना

केंद्रीय मंत्री भूपेन्द्र यादव ने समिति के सदस्यों के सुझावों की सराहना करते हुए कहा कि हिंदी भाषा के विकास और इसके अधिकाधिक उपयोग के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने मंत्रालय के कार्यों में हिंदी के प्रयोग को बढ़ावा देने तथा आम जनता तक सूचनाएं सरल और प्रभावी भाषा में पहुंचाने पर बल दिया। बैठक में हिंदी भाषा के संवर्धन से जुड़े विभिन्न पहलुओं पर विस्तार से चर्चा की गई और भविष्य की कार्ययोजना पर भी विचार-विमर्श किया गया।

### आदि गौड़ बाबिसा ब्राम्हण समाज का पुनर्गठन, पीताम्बर बने सचिव



**नर्मदापुरम।** अभा आदि गौड़ बाबिसा ब्राम्हण समाज शाखा नर्मदापुरम का निर्विरोध पुनर्गठन सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। समाज के सभी सदस्यों की सर्वसम्मति से नवीन पदाधिकारियों का चयन किया गया। इस अवसर पर पूर्व शाखा सचिव गोविंद पराशर को जिले का अध्यक्ष नियुक्त किया गया। वहीं राजेश माकवे को उपाध्यक्ष, पत्रकार पीताम्बर जोशी को सचिव तथा संतोष शर्मा को कोषाध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी गई। पुनर्गठन कार्यक्रम के दौरान समाज के वरिष्ठजनों, मातृशक्ति एवं उपस्थित सदस्यों ने सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों को बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। समाजजनों ने विश्वास व्यक्त किया कि नई कार्यकारिणी के नेतृत्व में संगठन को नई दिशा मिलेगी और समाजहित में विभिन्न रचनात्मक गतिविधियों को गति प्रदान की जाएगी।

## स्कूली विद्यार्थियों का दंत परीक्षण किया गया



हरिभूमि न्यूज ⏭ सेमरीहरचंद

समीपस्थ ग्राम शिवपुर विकासखंड माखन नगर अंतर्गत शासकीय उमावि के छात्र-छात्राओं का राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम अंतर्गत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र माखन नगर के डॉक्टर आरती द्विवेदी मिश्रा, डॉ प्रेम अरविंद कावड़कर एएनएम जानकी अहिरवार द्वारा स्कूली छात्र-छात्राओं का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। जिसमें स्वास्थ्य परीक्षण, नेत्र परीक्षण एवं दंत परीक्षण किया गया एवं स्वास्थ्य संबंधी जानकारी दी गई तथा स्वच्छता विषय पर जानकारी देते हुए स्वास्थ्य में स्वच्छता का योगदान विषय पर चर्चा की गई इस दौरान शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय शिवपुर के प्राचार्य जी.एस ठाकुर, रतीद्र शर्मा, हेमलता रमन, आशिक खान ,शोभा परते, शेर सिंह यादव , मनोज उपाध्याय, वीरेंद्र सिंह राजपूत, सतीश पाठक,लोकेश अहिरवार,भावना सोलंकी, जितेंद्र सैनी उपस्थित रहे।

### स्प्रिंगडेल्स सीनियर सेकंडरी स्कूल में जारी है उत्साह और रचनात्मक गतिविधियां

## भाषण और कविता पाठ प्रतियोगिता का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

स्प्रिंगडेल्स सीनियर सेकंडरी स्कूल में विद्यार्थियों की अभिव्यक्ति क्षमता, आत्मविश्वास तथा मंच कौशल को सशक्त बनाने के उद्देश्य से भाषण एवं कविता पाठ प्रतियोगिता का भव्य एवं सफल आयोजन किया गया। प्रतियोगिता के अंतर्गत कक्षा 1 से 4 तक के विद्यार्थियों के लिए भाषण प्रतियोगिता तथा कक्षा 5 एवं 6 के विद्यार्थियों के लिए कविता पाठ प्रतियोगिता आयोजित की गई। पूरे विद्यालय परिसर में उत्साह, अनुशासन एवं रचनात्मकता का जीवंत वातावरण दृष्टिगोचर हुआ। कार्यक्रम में निर्णायक मंडल के रूप में डॉ. अनुभा कावरे एवं नवनीता गुहा उपस्थित रहीं। साथ ही विद्यालय की डायरेक्टर जूही चटर्जी विशेष रूप से उपस्थित रहीं। प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने पूरे आत्मविश्वास, उत्साह और जोश के साथ मंच पर अपनी प्रतिभा का प्रभावशाली प्रदर्शन किया। भाषण प्रतियोगिता में झांसी की रानी, अहिल्याबाई होलकर, सरदार वल्लभभाई पटेल, सुभाष चंद्र बोस, जवाहरलाल नेहरू एवं महात्मा गांधी जैसे महान राष्ट्रनायकों के साथ-साथ हवा महल एवं ताज महल जैसे ऐतिहासिक स्थलों पर सारगर्भित एवं प्रभावशाली भाषण प्रस्तुत किए गए। वहीं कविता पाठ प्रतियोगिता में विद्यार्थियों की स्पष्ट उच्चारण शैली, भावपूर्ण प्रस्तुति एवं मंचीय आत्मविश्वास विशेष रूप से सराहनीय रहा। प्रतियोगिता में इंग्लिश पोयम रेसीटेशन में प्रथम स्थान प्रियल मेहरोत्रा, द्वितीय स्थान आराध्या मालवीय, तृतीय स्थान पर आरध्या चौहान रहीं। प्रिन्सिपल चॉइस अवार्ड अद्वैत तिवारी, जजेस चॉइस अवार्ड अभिनव मालवीय और गोल्डन वॉइस अवार्ड उन्नति खत्री तथा मोस्ट एक्सप्रेसीव रीसाईटर अवार्ड रुद्र परिहार ने प्राप्त किया।



## खबर संक्षेप



### वार्ड 22 की पेयजल टंकी की सफाई शुरू, पेयजल सप्लाई बाधित

**सारनी।** नगर पालिका परिषद क्षेत्र में जलावर्धन योजना की पेयजल टंकियों की सफाई का अभियान चलाया जा रहा है। इसके तहत मंगलवार को ट्रैचिंग ग्राउंड परिसर स्थित पेयजल टंकी की सफाई की गई। इससे इस टंकी से पेयजल सप्लाई बाधित रही। मुख्य नगर पालिका अधिकारी सीके मेश्राम ने बताया कि पेयजल टंकियों को साफ करने के लिए अनुबंधित कंपनी मेसर्स लक्ष्मी सिविल इंजीनियरिंग प्रालि को निर्देशित किया गया था। कंपनी द्वारा सतत टंकियों की सफाई की जा रही है। इस टंकी की बुधवार को भी सफाई की जाएगी। गुरूवार 22 जनवरी को इससे पेयजल सप्लाई बहाल होगी। शासन के निर्देशानुसार वार्ड स्तर पर प्रति मंगलवार जल सुनवाई कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। प्रभारी उपयंत्री कमलेश पटेल ने बताया कि नगर पालिका क्षेत्र के सभी 36 वार्डों में जल सुनवाई की गई। इसमें लीकेज, वाल्व चैंबर सफाई जैसी समस्याएं सामने आई। इनका निराकरण किया गया।

### वार्ड 11 में शिविर का आयोजन



**सारनी।** मध्यप्रदेश शासन के निर्देशानुसार शासन की विभिन्न जन हितैषी योजनाओं का लाभआम लोगों को देने के लिए 12 जनवरी से 15 फरवरी तक संकल्प से समाधान अभियान का आयोजन किया जा रहा है। निकाय क्षेत्र में वार्ड स्तर पर इस हेतु शिविर आयोजित किए जा रहे हैं। मुख्य नगर पालिका अधिकारी सीके मेश्राम ने बताया कि लोगों को शासन की योजनाओं की जानकारी देने, उन्हें इनका लाभ प्रदान करने और उनकी समस्याओं का निराकरण करने हेतु शिविर लगाए जा रहे हैं। अभियान के तहत मंगलवार को वार्ड 11 में शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में विभिन्न योजनाओं के आवेदन प्राप्त हुए। शिविर में पार्षद हरिता पाल, प्रभारी जीएस पांडे, संतोष सोनारिया, रंजीत डोंगरे, मनोज परते, निराकार सागर, चंद्रमणि सोनी समेत अन्य लोग उपस्थित हो थे। नोडल अधिकारी केके भावसार ने बताया बुधवार 21 को वार्ड 12, 22 को वार्ड 13 एवं 23 के लिए वार्ड 23 की आंगनबाड़ी केंद्र में शिविर होगा।

### जिले को मिले चार पीजीएमओ चिकित्सक

**बैतूल।** एमपी पीएससी से चयनित चार चिकित्सा अधिकारी पीजीएमओ ने जिला चिकित्सानलय में अपनी उपस्थिति दी है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. मनोज कुमार हुरमाडे ने बताया कि जिले में चार पीजीएमओ चिकित्सक की नवीन पदस्थापना से जिले की स्वास्थ्य सुविधाओं को सुदृढ बनाने में मदद मिलेगी। साथ ही जिले आमजन को लाभ होगा और स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता में वृद्धि होगी। जिला चिकित्सालय बैतूल में पीजीएमओ निश्चेतना डॉ राजेन्द्र कुमार, एमडी मेडिसिन (पीजीएमओ) डॉ. मयूरी मण्डलेकर सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र आमला में जनरल सर्जरी (पीजीएमओ) डॉ आस्था सोलंकी, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र मुलताई में निश्चेतना (पीजीएमओ) डॉ अनामिका जैन की नवीन पदस्थापना की गई है।

### देहदान करने सुनील पलेरिया ने कराया पंजीयन

**बैतूल।** बैतूल के विनायकम रेसीडेंस रानीपुर रोड निवासी श्री सुनील पलेरिया द्वारा मृत्यु उपरांत देहदान के लिए पंजीयन किया है। सुनील पलेरिया ने कहा कि उन्हें देहदान करने के लिए डॉ अरुण जयसिंगपुरे चेयरमेन रेडक्रास सोसायटी द्वारा प्रेरित किया गया। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. मनोज कुमार हुरमाडे ने बताया कि देहदान एक महान कार्य है, जो दूसरों की जिंदगी को बचाने में मदद कर सकता है।

---

### प्रशासनिक स्वीकृति मिली, वित्तीय स्वीकृति का इंतजार

# गंज आबकारी से करबला तक बनेगी 2850 मीटर टू-लेन सीसी सड़क

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल

शहर के गंज क्षेत्र की यातायात समस्या जल्द से सुलझने वाली है। यहां बार-बार लगने वाले जाम और यातायात समस्या के समाधान के लिए नगरपालिका ने विनोबा वार्ड गंज आबकारी से अंडर बिज होते हुए करबला तक टू-लेन सीसी रोड निर्माण की योजना बनाई है, जिसे शासन से तकनीकी और नीतिगत स्वीकृति भी मिल गई है। केवल शासन स्तर से वित्तीय स्वीकृति मिलना शेष है। जैसे ही वित्तीय मंजूरी प्राप्त होगी, नगरपालिका द्वारा टेंडर प्रक्रिया शुरू कर दी जाएगी। दरअसल गंज सेन्ट्रल स्कूल से करबला ब्रिज तक 27.75 करोड़ रुपए लागत की 2850 मीटर सीसी रोड स्वीकृत हो चुकी है। उक्त सडक़ के निर्माण के बाद आठनेर बड़ोरा और करबला ब्रिज-तितली चैराहा से फोरलेन के लिए सीधी कनेक्टिविटी हो जाएगी। साथ ही गंज क्षेत्र में बार-बार लगने वाले ट्रेफिक जाम से भी मुक्ति मिलेगी। वर्तमान में गंज क्षेत्र में सकरी सडक़ों के कारण रेलवे स्टेशन से लेकर बीजेपी भवन तक आए दिन जाम की स्थिति रहती है। खासकर सुबह और शाम के समय वाहन चालकों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है। नई टू-लेन सडक़ बनने से इस क्षेत्र में वाहनों का दबाव कम होगा और आवागमन सुगम हो सकेगा।

#### बार-बार लगने वाल जाम से मिलेगी मुक्ति

गंज क्षेत्र में सेंट्रल स्कूल से करबला तक प्रस्तावित टू-लेन सडक़ के निर्माण से आवागमन सुलभ होगा और बार-बार लगने वाले ट्रेफिक जाम से मुक्ति मिलेगी। शहर की व्यस्ततम सडको में से एक स्टेशन मार्ग गंज में अक्सर जाम लगने के कारण वाहन चालकों को परेशानियों का सामना करना पड़ता है। बताया जा रहा है कि यह सडक़ इसलिए भी महत्वपूर्ण मानी जा रही है क्योंकि यह शहर के पांच वार्डों से होकर गुजरेगी। इनमें वार्ड क्रमांक 23 जयप्रकाश वार्ड, 26 जवाहर वार्ड, 29 राजेंद वार्ड, 30 लोहिया वार्ड और 31 विनोबा वार्ड शामिल हैं। इन सभी वार्डो के हजारों नागरिकों को इस सडक़ का सीधा लाभ मिलेगा। टू-लेन सडक़ बनने से न केवल ट्रैफिक जाम की समस्या कम होगी, बल्कि क्षेत्र के विकास को भी गति मिलेगी। इस सडक़ पर रेलवे गोदाम से आने वाले वाहनों के साथ-साथ यात्री वाहन और लोडेड वाहनों की भीड़ रहती है। ऐसे में यह सडक़ चौड़ी होती है तो बार-बार जाम की स्थिति से वाहन चालकों को राहत मिलेगी।

#### 15 मीटर चौड़ी सड़क, दोनों तरफ होगी आरसीसी नाली

गंज से करबला तक प्रस्तावित सडक़ की चौडाई 15 मीटर निर्धारित की गई है। इसे दो लेन में तैयार किया जाएगा। प्रत्येक लेन की चौड़ाई 7.50 मीटर रखी गई है। इसके अलावा सडक़ के बीचों-बीच 1.50 मीटर चौड़ा रोड डिवाइडर बनाया जाएगा। डिवाइडर के निर्माण के बाद सडक की कुल चौडाई बढक़र 16.50 मीटर हो जाएगी। डिवाइडर के मध्य सेंट्रल स्ट्रीट लाइटिंग की भी व्यवस्था की जाएगी, जिससे रात के समय यातायात अधिक सुरक्षित हो सके। सडक़ के दोनों किनारों पर आरसीसी नाली और सर्विस डक्ट का निर्माण भी किया जाएगा। इससे बारिश के मौसम में जलभराव की समस्या से निजात मिलेगी और भविष्य में केबल या अन्य सुविधाओं के लिए सडक़ को दोबारा खोदने की जरूरत नहीं पड़ेगी। इसके अलावा परियोजना में रिटर्निंग वॉल और बॉक्स कल्वर्ट का निर्माण भी शामिल है, जिससे जल निकासी व्यवस्था को और मजबूत किया जा सके।



#### सड़क निर्माण में इस तरह खर्च होगी राशि

बताया जा रहा है कि विनोबा वार्ड गंज आबकारी से अंडरबिज होते हुए करबला तक प्रस्तावित टू-लेन सीसी रोड निर्माण पर कुल 28.75 करोड़ रूपये खर्च होगे। जिसमें गंज आबकारी से करबला तक सीसी रोड निर्माण पर 13,46,31,734 रूपये, सडक़ के दोनों तरफ आरसीसी नाली और सर्विस डक्ट निर्माण पर 6,63,67,398 रूपये, प्री कास्ट आरसीसी डिवाइडर निर्माण पर 98,55,300 रूपये, रिटर्निंग वॉल के साथ चार बाय चार बॉक्स कल्वर्ट निर्माण 54,17,180 रूपये, रिटर्निंग वॉल के साथ आरसीसी 1.5 बाय 1.5 बॉक्स कल्वर्ट निर्माण पर 61,60,929 रूपये और सेंट्रल स्कूल से करबला तक पोल शिफ्टिंग 1,14,00000 रूपये की राशि खर्च होगी। हालांकि अभी इस प्रस्तावित सडक़ को वित्तीय स्वीकृति नहीं मिली है।

**स्वीकृति नहीं मिली है**

सड़क निर्माण को लेकर शासन से अभी वित्तीय स्वीकृति नहीं मिली है। भारत सरकार से फंड आता है। वित्तीय स्वीकृति मिलने के बाद टैंडर प्रक्रिया होगी। इसमें अभी काफी लंबा समय लग सकता है।

**नीरज धुर्वे,**
एई, नगरपालिका बैतूल

---

### मेले में हुआ कवि सम्मेलन

# श्रद्धा को झांसी की रानी बनना बहुत जरूरी है



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारनी

दस दिवसीय बाबा मठारदेव मेले में आनंद उत्सव के अंतर्गत सोमवार की रात अखिल भारतीय कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया। कवि सम्मेलन का शुभारंभ नपा अध्यक्ष किशोर वरदे, उपाध्यक्ष जगदीश पवार, विशिष्ट अतिथि राजेश आहूजा,सीएमओ सीके मेश्राम ने मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्ववलन कर किया।

दिल्ली से पधारी कवियत्री रजनी श्रीवास्तव ने सरस्वती वंदना से काव्यपाठ प्रारंभ किया। उनकी पंक्तियां बयां करते नही क्यों दर्द जो भीतर छुपाया है, हमे अपना बता करके पराया क्यों बनाया है, खूब पसंद की गई। इंदौर से आये वीर रस के कवि हिमांशु हिन्द ने लव जेहाद पर कविता प्रस्तुत की। उनकी पंक्तियां सत्य सनातन की दीवानी बनना बहुत जरूरी है,दुष्टों के आगे मर्दानी बनना बहुत जरूरी है, बोलो कब तक फंसी रहोगी आफताब के झांसे में,श्रद्धा को झांसी की रानी बनना बहुत जरूरी है, पर पूरा पंडाल तालियों से गूंज उठा। सागर से हास्य व्यंग्य के कवि डॉ अखिल आनन्द ने बाबा मठारदेव की शान में ये पंक्तियां सुनाई, जिनके द्वारे आकर सांसे कस्तूरी हो जाती है,कवियों की कविताएं भी सिंदूरी हो जाती है, मठारदेव का मेला है शंकर का दरबार है,यहाँ मांगो न मांगो मन्नतें पूरी हो जाती है। अखिल आनन्द ने हास्य की कविताएं सुनाकर श्रोताओं को ठहाके लगाने के लिए मजबूर कर दिया। छिंदवाडा के कवि भुवन सिंह धांसू ने बिना मात्रा के छंद पढक़र तालियां बटोरी वहीं शहीद के पिता के मनोभावों को अपनी रचना के माध्यम से व्यक्त किया। उन्होंने सुनाया कि नयन में थम गए आंसू मौन मुखरित हुआ, तिरंगे में लिपटकर जिस समय बेटे का शव आया।

कवि सम्मेलन का संचालन कर रहे बैतूल के युवा कवि तेजप्रताप तेज ने अपनी रचनाओं और टिप्पणियों से श्रोताओं को बांधे रखा। उनके द्वारा मां पर प्रस्तुत रचना गमो की बदलियों की छांव वो होने नही देती, स्वयं सोती है गीले में हमें सोने नही देती को को श्रोताओं की भरपूर दाद मिली। सभी कवियों को नपा अध्यक्ष एवं पार्षदों द्वारा स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। श्रोताओं ने देर रात तक कवि सम्मेलन का आनन्द लिया।

---

# बगैर पद के भी जनता की समस्याओं के समाधान के लिए वचनबद्ध हूं: सुखदेव

### ग्राम पंचायत बानूर में सीस सड़क का भूमि पूजन व लोकार्पण




हरिभूमि न्यूज ▶▶ मुलताई

पूर्व मंत्री सुखदेव पांसे ने विकासखंड मुलताई की ग्राम पंचायत बानूर में अपने विधायक कार्यकाल के दौरान स्वीकृत राशि से निर्मित सीमेंट कंक्रीट सडक़ का विधिवत लोकार्पण किया। साथ ही उनके प्रयासों से राज्यसभा सांसद एवं सुप्रसिद्ध अधिवक्ता विवेक तंखा द्वारा सांसद निधि से स्वीकृत 200 मीटर सीमेंट कंक्रीट सडक़ निर्माण कार्य का भूमि पूजन भी किया गया।

इस अवसर पर ग्राम में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पूर्व कैबिनेट मंत्री सुखदेव पांसे ने कहा कि वे पद पर रहें या न रहें, सरकार में हों या न हों, क्षेत्र के विकास और जनता की समस्याओं के समाधान के लिए सदैव प्रतिबद्ध रहेंगे। उन्होंने कहा कि जनता की सेवा ही उनका संकल्प है और इसी भावना के साथ वे निरंतर कार्य करते रहेंगे। उल्लेखनीय है कि ग्राम पंचायत बानूर में वर्षों से जर्जर एवं कच्ची सडक़ों की समस्या से ग्रामीण परेशान थे। ग्रामीणों द्वारा इस समस्या से पूर्व मंत्री सुखदेव पांसे को अवगत कराया गया था, जिस पर उन्होंने शीघ्र समाधान का आश्वासन दिया था। इसी क्रम में पूर्व मंत्री पांसे ने राज्यसभा सांसद विवेक तंखा को पत्र लिखकर ग्राम बानूर में 200 मीटर सीमेंट कंक्रीट सडक़ निर्माण हेतु राज्यसभा सांसद निधि से राशि स्वीकृत करने का निवेदन किया था। इस पर सांसद श्री तंखा ने सकारात्मक निर्णय लेते हुए 6 लाख 6 हजार रुपये की लागत से 200 मीटर सीमेंट कंक्रीट सडक़ निर्माण की स्वीकृति प्रदान की। पूर्व मंत्री सुखदेव पांसे ने सांसद निधि से स्वीकृत सडक़ निर्माण कार्य का भूमि पूजन किया तथा पूर्व में विधायक निधि से स्वीकृत सडक़ का लोकार्पण भी किया।

#### कार्यक्रम में प्रमुख रूप से यह रहे उपस्थित

सेवादल जिला अध्यक्ष अनुराग मिश्रा, कांग्रेस जन समस्या निवारण प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष तकी-उल-हसन रिजवी, कांग्रेस कमेटी के पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष किशोर सिंह परिहार, जूनापानी जनपद सदस्य रामदास धुर्वे, ससुंदरा के पूर्व जनपद सदस्य गोलू देशमुख, साईंखेड़ा सरपंच हेमराज गावंडे, उभारिया सरपंच नामदेव पटाहे, जामगांव सरपंच राजू उघड़े, उपसरपंच लीलाधर वर्मा सहित संतोष धोटे, भीमराव पांसे, सुखदेव सोलंकी, मधु देशमुख, धुंधू बुवाडे, साइबू कोरसने, अजबराव कोरसने, ढोढ़ू पांसे, विठ्ठल बुवाडे, देवराव कोसरने, मनोज पांसे, पंकज पांसे, जयदीप बडोदे, पवन डोंगरे, मनीष आदि रहे मौजूद।

---

### हॉकी सिंथेटिक एस्ट्रोटर्फ पुनस्थापना के लिए 6.97 करोड़ स्वीकृत

# मेजर ध्यानचंद हॉकी स्टेडियम बैतूल में लगेगा अंतरराष्ट्रीय स्तर का सिंथेटिक ब्लू एस्ट्रोटर्फ

**बैतूल।** आदिवासी बाहुल्य बैतूल जिले की खेल प्रतिभाओं को राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर तक पहुंचाने और खेल सुविधाओं की उपलब्धता के लिए सतत प्रयास कर रहे भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं बैतूल विधायक हेमंत खंडेलवाल ने भारतीय हॉकी संघ के शताब्दी वर्ष में जिले के खिलाडिय़ों और खेल प्रेमियों को बड़ी सौगात दी है। श्री खंडेलवाल के प्रयासों से मध्यप्रदेश शासन खेल एवं युवा कल्याण विभाग ने मेजर ध्यानचंद हॉकी स्टेडियम बैतूल में हॉकी सिंथेटिक एस्ट्रोटर्फ की पुर्नस्थापना के लिए 6 करोड़ 97 लाख रुपए स्वीकृत किए हैं। मध्यप्रदेश शासन खेल और युवा कल्याण विभाग के अपर सचिव द्वारा 19 जनवरी को जारी आदेश में मेजर ध्यानचंद हॉकी स्टेडियम बैतूल में हॉकी सिंथेटिक एस्ट्रोटर्फ की पुर्नस्थापना के लिए स्टेडियम खेल अधोसंरचना मद से 6 करोड़ 97 लाख रुपए व्यय करने की सहमति दी है। इसके बाद मेजर ध्यानचंद हॉकी स्टेडियम बैतूल में अंतरराष्ट्रीय स्तर का सिंथेटिक ब्लू एस्ट्रोटर्फ लगाया जाएगा।

उल्लेखनीय है कि बैतूल विधायक हेमंत खंडेलवाल ने कुछ माह पूर्व स्टेडियम में लगे एस्ट्रोटर्फ के क्षतिग्रस्त होने का हवाला देकर मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव सहित खेल एवं युवा कल्याण मंत्री विश्वास सारंग से मेजर ध्यानचंद हॉकी स्टेडियम बैतूल में सिंथेटिक ब्लू एस्ट्रोटर्फ लगवाने के लिए राशि स्वीकृत करने की मांग की थी। बता दे कि वर्ष 2010-2011 में जिला मुख्यालय बैतूल में एस्ट्रोटर्फ हॉकी स्टेडियम की सौगात मिली थी। उल्लेखनीय है कि एस्ट्रोटर्फ 10 वर्ष बाद बदला जाना चाहिए, परंतु एस्ट्रोटर्फ के नहीं बदलने से टर्फ क्षतिग्रस्त होने लगा था। जिससे अभ्यास करने वाले खिलाडिय़ों को परेशानी हो रही थी। जिले के वरिष्ठ खिलाडिय़ों द्वारा उक्त समस्या से बैतूल विधायक हेमंत खंडेलवाल को अवगत करवाकर मेजर ध्यानचंद हॉकी स्टेडियम में अंतरराष्ट्रीय स्तर के सिंथेटिक ब्लू एस्ट्रोटर्फ लगवाने की मांग की थी। श्री खंडेलवाल ने उक्त मांग को गंभीरता से लेकर भारतीय हॉकी संघ के शताब्दी वर्ष में बैतूल जिले के हॉकी खिलाडय़िों और खेल प्रेमियों को बड़ी सौगात देते हुए सिथेटिक ब्लु एस्ट्रोटर्फ लगवाने के लिए 6 करोड़ 97 लख रुपए की राशि स्वीकृत करवाई है ।



#### ब्लू एस्टो टर्फ लगने से राष्ट्रीय-अंतरराष्ट्रीय स्तर की होगी प्रतियोगिताएं

हॉकी खेल जानकारों के मुताबिक अंतरराष्ट्रीय स्तर की हॉकी प्रतियोगिताओं का आयोजन सिंथेटिक ब्लू एस्टो टर्फ वाले स्टेडियम में होता है। बैतूल विधायक श्री खंडेलवाल के प्रयासों से मेजर ध्यानचंद हॉकी स्टेडियम बैतूल में अंतरराष्ट्रीय स्तर का सिंथेटिक ब्लू एस्ट्रोटर्फ लगने के बाद यहां राष्ट्रीय- अंतरराष्ट्रीय स्तर की हॉकी प्रतियोगिताओं के आयोजन की राह आसान हो जाएगी। साथ ही बैतूल जिले के हॉकी खिलाडिय़ों को अंतरराष्ट्रीय मानकों के स्टेडियम में अभ्यास करने की सुविधा भी जिले में ही मिलने लगेगी।

#### राष्ट्रीय स्तर पर 150, अंतरराष्ट्रीय स्तर पर तीन खिलाड़ी हुए चयनित

जिले में उत्कृष्ट खेल सुविधाओं की उपलब्धता के लिए सतत प्रयासरत श्री खंडेलवाल के प्रयासों से लगभग डेढ़ दशक पूर्व एस्ट्रोटर्फ वाले मेजर ध्यानचंद हॉकी स्टेडियम बैतूल की सौगात मिलने से जिले के हॉकी खिलाडिय़ों को अभ्यास करने के लिए जिले के बाहर स्थित स्पोट्र्स और खेल अकादमी में नहीं जाना पड़ता है। मेजर ध्यानचंद एस्ट्रोटर्फ हॉकी स्टेडियम में अभ्यास करते हुए बैतूल जिले के डेढ़ सौ से अधिक हॉकी खिलाड़ी राष्ट्रीय स्तर पर तथा तीन खिलाड़ी बेटियां अंतरराष्ट्रीय स्तर की हॉकी प्रतियोगिताओं में चयनित हुए हैं। अब मेजर ध्यानचंद हॉकी स्टेडियम में अंतरराष्ट्रीय स्तर की सिंथेटिक ब्लू एस्ट्रोटर्फ लगने के बाद जिले में बड़ी संख्या में अंतरराष्ट्रीय स्तर के हॉकी खिलाड़ी चयनित हो सकेंगे।

---

### खिलाड़ियों ने दिखाया दम, विजेता खिलाड़ियों को किया पुरस्कृत

# खेलो एमपी यूथ गेम्स के तहत प्रतियोगिता आयोजित



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल

मप्र शासन खेल और युवा कल्याण विभाग द्वारा खेलों एमपी यूथ गेम्स वर्ष 2025-26 के तहत जिला स्तरीय प्रतियोगिता पुलिस ग्राउंड बैतूल में आयोजित की गई। प्रतियोगिता के समापन अवसर पर मुख्य अतिथि भाजपा के पूर्व जिला अध्यक्ष आदित्य बबला शुक्ला, समाजसेवी आनंद गिरी, क्रीड़ा अधिकारी सुश्री नीलिमा पीटर, वरिष्ठ पत्रकार हरिभूमि जिला बयूरो प्रमुख संजय द्विवेदी, समाजसेवी अर्जुन सिंह ठाकुर की उपस्थिती में सभी विजेता और उपविजेता खिलाड़ियों को पुरस्कृत किया गया। मुख्य अतिथि ने अपने उद्बोधन में बच्चो को खेल के द्वारा अपना शारीरिक एवं मानसिक विकास करने हेतु प्रेरित किया।

इस अवसर पर जिला खेल व युवा कल्याण अधिकारी पूजा कुरील ने बताया कि जिला स्तरीय प्रतियोगिता में विभिन्न खेलों जैसे हॉकी, फुटबॉल, वॉलीबॉल, कबड्डी, रस्साकशी, पिट्टू, खो-खो, बैडमिंटन, शतरंज, योगासन, एथलेटिक्स, बॉक्सिंग, जूडो, कुश्ती मलखम्ब, टेबल टेनिस एवं टेनिस, बास्केटबॉल आदि खेलों में प्रतियोगिताए आयोजित की गई। उन्होंने बताया कि प्रतियोगिताओ के खिलाड़ी अब खेलो एमपी यूथ गेम्स के संभाग एवं राज्य स्तरीय प्रतियोगिताओ में शामिल होगे। प्रतियोगिता में जिला शिक्षा विभाग एवं खेल संघों के संयुक्त समन्वयक से विकासखण्ड स्तरीय चयन स्पर्धा एवं प्रतियोगिता का आयोजन विभिन्न स्थलों जैसे- पुलिस ग्राउंड खेल मैदान, लाल बहादुर शास्त्री स्टेडियम व मेजर ध्यानचंद हॉकी स्टेडियम बैतूल, पीएमश्री जयवंती हॉस्कर महाविद्यालय बैतूल में आयोजित की गई। जिला स्तरीय प्रतियोगिता में 10 विकासखण्डों के चयनित प्रतिभागी सम्मिलित हुए। कार्यक्रम का संचालन खेल प्रशिक्षक रामनारायण शुक्ला ने किया। जिला स्तरीय प्रतियोगिता में नितेश राजपूत द्वारा कार्यक्रम का आभार व्यक्त किया गया। आयोजन को सफल बनाने में जिला शिक्षा खेल अधिकारी धर्मेन्द्र पंवार, रश्मि बाथरे, गणेश बारस्कर, सहदेव गव्हाड़े, उमाकांत कोकाटे, हरिभाऊ झरबड़े बलदेव अरोरा, प्रवीण यादव, सुश्री लक्ष्मी, श्रद्धा, प्रिया पंवार, निरंजन, रविकांत देशमुख, रविन्द्र, सुजित वरकड़े, तरला उईके, महेंद्र सोनकर, तपेश साहू, हेमंत विश्वकर्मा, राधेलाल बनखेड़े, शैलेन्द्र शर्मा, अजय मिश्रा, नरसिंग धुर्वे, अब्दुल आदि का रहा सहयोग।

#### इंदौर को हराकर बालिका वर्ग ने जीता बास्केटबाल टूर्नामेंट



**बैतूल।** पुलिस लाइन खंडवा में चौथी स्टेट लेवल बॉस्केटबॉल चैम्पियन अंडर 19 बालक-बालिका प्रतियोगिता आयोजन किया गया। प्रतियोगिता 18 और 19 जनवरी को आयोजित हुई। जिसमें बैतूल की बालक-बालिका दोनों टीमें सेमी फाइनल में पहुंची। बैतूल की बालिका टीम ने फाइनल में इंदौर को 57- 43 से हराकर फाइनल में जीत दर्ज कराई। अदिति यादव को प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट मिला। वहीं डीआईजी मनोज राय ने विजेता टीम को टॉफी भेंट की।

**CHANGE OF NAME**

I, NO. 15204205H Rank- Ex Sep Name- **RAMESH** is Legally father of SEJAL resident at Vill.- Hamjapur, Post. Betul Teh. Betul Distt.- Betul (MP) Pin- 460001, Have Changed my Daughter's Name from **SEJAL** to **SEJAL PAWAR** vide affidavit dated - 20/01/2026 before Notary Betul, Distt.- Betul (MP)

**CHANGE OF NAME & DOB**

I, No. 6365096L Ex Hav **BABU LAL**, resident of Vill.- Manas Nagar, Near Railway Lane, Patel Ward-II, Sadar Betul, PO-Betul, Teh.-Betul Distt.-Betul (MP) Pin-460001, have changed my spouse Name from **ANURADHA** to **ANURADHA PAWAR** and Date of Birth **01-10-1953** to **06-10-1953** (Six October Nineteen Fifty Three) vide affidavit dated 16-10-2026 before Notary Betul, Distt.- Betul (MP)

खबर संक्षेप

## शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने विशेष अभियान



**सोहागपुर।** सोहागपुर ब्लॉक क्षेत्र में नागरिकों को शुद्ध पेयजल मिले, इसकी सुनिश्चितता प्रशासन पर निर्भर है। ब्लॉक के ग्रामीण क्षेत्र में नागरिकों को शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने पीएचई विभाग ने एक विशेष अभियान चलाया है। सोहागपुर पीएचई सहायक यंत्री यतेंद्र छारी ने बताया कि लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने एवं जल जनित बीमारियों की रोकथाम के लिए अभियान चलाया गया। अभियान पांच जनवरी 2026 से शुरू किया गया था तथा 20 जनवरी 2026 को इसका समापन हुआ है। इस अभियान के तहत ग्रामीण क्षेत्रों में लगे सभी हैंडपंपों व पेयजल स्त्रोतों का सेनेटरी सर्वेक्षण किया गया है। क्रियाशील हैंडपंपों एवं नल जल योजना स्त्रोतों का डिसइन्फेक्शन किया गया है। सर्वेक्षण के साथ पेयजल जल स्त्रोतों का सैंपल कलेक्शन कर किया गया है। सहायक यंत्री यतेंद्र छारी ने बताया कि सभी सैंपल की टेस्टिंग जारी है व डिसइन्फेक्शन कार्य भी किया जा रहा है।

## बदमाश चुरा ले गए बायर के 15 बंडल

**नर्मदापुरम।** शहर के कुलामड़ी रोड स्थित एस एन पी कॉलोनी के प्लाट से बदमाशों ने बिजली फिटिंग बायर के 15 बंडल चुरा कर रफू चक्कर हो गए। इसको लेकर फरियादी ने देहात थाने में मामला दर्ज कराया। पुलिस के अनुसार अजय न्यास कॉलोनी इटारसी निवासी के एस एन पी कॉलोनी में प्लाट है और वहां से अज्ञात आरोपियों ने बिजली फिटिंग के फायर के 15 बंडल चुरा कर ले गए।

### इटारसी मंडी में किसानों के लिए की गई व्यापक व्यवस्था

# धान और मक्का के भाव में आया उछाल भाव में तेजी से किसानों के चेहरे खिले

इटारसी कृषि उपज मंडी में धान और मक्का के भावों में तेजी आते ही किसानों का रूख इटारसी मंडी की ओर गया है। ऐसे में किसानों की भीड़ को देखते हुए मंडी प्रबंधन ने उनके लिए बेहतर इंतजाम किए है। विधायक स्वयं भी नजर बनाएं हुए है।

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

मक्का और धान उपज के भावों में अचानक आये उछाल से जहां एक और इटारसी कृषि उपज मंडी पहुंच रहे किसानों को उनकी उपज का उचित दाम मिलने से उनके चेहरे खिले हुए, तो वहीं दूसरी ओर भावों में इस बदलाव के चलते जिले के बाहर से भी कृषक अपनी उपज लेकर इटारसी मंडी पहुंच रहे हैं।




### किसानों की संतुष्टि,हमारी ध्येय

किसानों की संतुष्टि ही हमारा ध्येय है जिस मंडी के कर्मचारी और अधिकारी काम कर रहे है। इधर विधायक डॉ सीतासरन शर्मा की मंशा के अनुरूप विधायक प्रतिनिधि देवेंद्र पटेल भी लगातार मंडी प्रागंण पहुंच रहे है। सचिव पांडे और उनकी टीम का लगातार सहयोग कर इटारसी कृषि उपज मंडी में आने वाले किसानों से सीधा संवाद स्थापित कर छुटमुट समस्याओ का समाधान मौके पर ही कर किसानों को बड़ी राहत देने में जुटे हुये हैं।

### फिर उछला भाव

दरअसल पिछले बीस-पच्चीस दिन पूर्व धान का भाव 4 हजार तक पहुंच गया था लेकिन एकाएक बाजार लुढ़क गया और धान का रेट न्यूनतम 2800 और अधिकतम 3450 तक आ पहुंचा जो वर्तमान में फिर उछाल लेते हुये अधिकतम 3950 पर पहुंच गया हैं। जिससे किसानों में हर्ष देखा जा रहा हैं। इधर गुरुनानक ट्रेडिंग कंपनी के संचालक वरिष्ठ व्यापारी अजय खन्ना का मानना हैं अभी धान में और तेजी देखने को मिलेगी। वही मक्का के भाव में बढ़त आने पर बहुतायत में आने लगा हैं पिछले कुछ दिनों से मक्का रेट 1500 पर स्थिर था लेकिन बाजार में सुधार के साथ वर्तमान में मक्का 1650की बढ़त बनाये हुये जो 1700 के पार जाने की बात व्यापारियों द्वारा बताई जा रही हैं। धान और मक्का के भाव में आई तेजी से किसानों के चेहरे खिले हुये हैं और अन्य स्थानों के बजाय अपनी उपज का उचित दाम इटारसी मंडी में मिलने से उन्होंने राहत की सांस ली हैं, जिसके बाद अब अन्य जिलों के किसानो ने भी इटारसी कृषि उपज मंडी का रुख कर लिया हैं।

### मंडी में पर्याप्त सुविधाएं

जिले में मौजूद ए क्लास मंडी में किसानों को पर्याप्त सुविधाएं तो हैं साथ ही नगद भुगतान भी व्यापरियो द्वारा तुरंत किया जा रहा है। खास बात यह हैं कि इटारसी कृषि उपज मंडी में किसानों को किसी भी प्रकार के कोई टोकन आदि के लेने की झंझट भी नहीं हैं इटारसी मंडी में, अन्य मंडियो में जरूरी इस तरह की बाध्यता से किसानों को यहाँ मुक्त रखा हैं। मंडी सचिव प्रशांत पांडे ने अपनी टीम जिसमें प्रांगण प्रभारी शिवनारायण सिंह, एएसआई अनमोल सिंह, ओमप्रकाश मालवीय, सीताराम पवार, राम कुमार दुबे, अजबसिंह कीर, कुंअर सिंह माथनकर, लिपिक विपुल यादव आदि को प्रांगण में तैनात कर मंडी में उपज बेचने आये किसानों को समस्त सुविधाएं उपलब्ध कराने के साथ तुरंत भुगतान में किसान और व्यापारी के बीच उचित समन्वय बनाने के आदेश मंडी के भारसाधक अधिकारी नीलेश शर्मा के निर्देश पर दिए है।

**इनका कहना है**

पिछले कुछ दिनों से बाजार धीमा था लेकिन अचानक बाजार में धान और मक्का को लेकर भाव में उछाल आया हैं सही और उचित मूल्य के साथसाथ इटारसी मंडी में बगैर टोकन के उपज विक्रय की सुविधा के आलावा पर्याप्त सुविधाएं मिलने पर किसान तेजी से यहाँ आ रहे हैं।
**प्रशांत पांडे,** मंडी सचिव, इटारसी

**इनका कहना है**

कृषि मंडी में आने वाले कृषको को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो इसलिए प्रांगण में टीम तैनात कर मोके पर समस्याओ का निराकरण कराया जा रहा हैं ताकि वेवजह के टोकन, भुगतान,आदि में किसानों को दिक्कत न हो।
**नीलेश शर्मा,** एसडीएम एवं भार साधक अधिकारी कृषि उपज मंडी इटारसी

**इनका कहना है**

इटारसी कृषि उपज मंडी में विधायक डॉ सीतासरन शर्मा किसानों की सुविधाओ को लेकर सदैव प्रयास रत रहते हैं उनकी मंशा के अनुरूप प्रांगण में ही सचिव पांडे और उनकी टीम तैनात हैं और उनके साथ समन्वय बनाकर किसानों की समस्याओ का निराकरण मोके पर कराने में सहयोग कर रहा हूं।
**देवेंद्र पटेल,** विधायक प्रतिनिधि कृषि उपज मंडी इटारसी

# मतदाताओं को 2166 नोटिस में से 1800 पर हुई सुनवाई



हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर

एसआईआर का प्रथम चरण गत वर्ष पूर्ण हुआ। जिसमें ज़रूरी सभी दस्तावेज जमा ना करने वाले मतदाताओं के लिये दावे, आपत्ति व सुनवाई प्रक्रिया शुरु हुई थी। लेकिन नोटिस संख्या आधार पर सभी की सुनवाई पूरी नहीं हो सकी है। सोहागपुर विधानसभा मुख्यालय की निर्वाचन शाखा से प्राप्त जानकारी अनुसार विधानसभा क्षेत्र में 22 दिसंबर के बाद पांच जनवरी 2025 से चार केंद्रों पर सुनवाई शुरू की गई व सभी केंद्रों पर आरओ तथा एआरओ द्वारा नोटिस पाने वाले मतदाताओं के दस्तावेजों की जांच करते हुए सुनवाई की जा रही है। नोटिस पर मतदाताओं द्वारा दस्तावेज जमा करने व सुनवाई का क्रम पांच जनवरी 2026 से शुरु किया गया था।

यह क्रम 22 जनवरी 2026 तक चलेगा। इसके बाद अगली प्रक्रिया शुरू की जाऐगी, जिसमें मतदाताओं के दावे व आपत्तियों का निराकरण होगा। सोहागपुर विधानसभा मुख्यालय के निर्वाचन शाखा से प्राप्त जानकारी अनुसार एसआईआर के प्रथम चरण में सभी आवश्यक दस्तावेज जमा करने तथा पूर्ण विवरण देने से शेष रह गए कुल 2166 मतदाताओं को नोटिस वितरित किये गए थे। इन सभी मतदाताओं के दावे, आपत्ति तथा सुनवाई का कार्य पांच जनवरी 2026 से शुरू हुआ जो कि 22 जनवरी 2026 तक चलेगा। लेकिन कार्य गति फिलहाल धीमी है और सोमवार 19 जनवरी शाम तक की स्थिति में 1800 की सुनवाई हो सकी है। अब दो दिन शेष हैं तथा 300 से अधिक मतदाताओं की सुनवाई शेष रह गई है।

### नया काम भी जारी

निर्वाचन शाखा से प्राप्त जानकारी अनुसार सोहागपुर विधानसभा क्षेत्र की मतदाता सूची में नाम जोड़ने के लिए 1877 अर्थात फार्म नंबर छह जमा हुए हैं। मतदाता सूची से नाम कटवाने के अर्थात फार्म नंबर सात की संख्या 137 है। वहीं मतदाता डाटा संशोधन के लिये जमा फार्म आठ की संख्या 1404 है। इन दिनों लगातार एसआईआर की शेष बची प्रक्रिया सहित तथा नाम काटने, जोड़ने एवं डाटा संशोधन की प्रक्रिया निर्वाचन शाखा में जारी है।

## पीले चावल देकर हिंदू सम्मेलन का दिया न्योता



**पचमढ़ी।** सकल हिंदू समाज के तत्वावधान में आयोजित होने वाले विशाल हिंदू सम्मेलन के लिए पूरा नगर भगवामय हो गया है। सम्मेलन के प्रचार हेतु आज शहर में एक भव्य बाइक रैली निकाली गई, जिसमें बड़ी संख्या में युवाओं और सामाजिक कार्यकर्ताओं ने हिस्सा लिया।

# बसंतोत्सव पर भागवत कथा, 23 को पूर्णाहुति

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी



प्रति वर्षानुसार इस वर्ष भी बसंतोत्सव के पावन अवसर पर मां विजयासन देवी दरबार समिति महर्षि नगर, इटारसी के तत्वावधान में भागवत कथा ज्ञानयज्ञ का आयोजन 16 से 22 जनवरी 2026 तक किया जा रहा है। कथा प्रतिदिन दोपहर 2 से 5 बजे तक मंदिर प्रांगण, महर्षि नगर, इटारसी में चल रही है। कथा की पूर्णाहुति एवं भण्डारा प्रसादी 23 जनवरी बसंत पंचमी के मौके पर दोपहर 12 बजे से होगा। मुख्य यजमान श्रीमती ममता-कृष्ण मोहन दुबे हैं। आयोजन समिति ने श्रद्धालुओं से निवेदन किया है कि भागवत कथा आयोजन में जो भी भक्तजन स्वेच्छा से दान करना चाहते हैं समिति से संपर्क कर सकते हैं। कथाव्यास पं. देवेन्द्र दुबे कथा वाचन कर रहे हैं। आयोजन कर्ता पं. सुनील पाठक एवं पं. प्रमोद भार्गव अध्यक्ष मां विजयासन देवी दरबार समिति ने बताया कि आज आयोजन स्थल पर छप्पन भोग का आयोजन किया।

# कांग्रेसियों ने की ओवरलोड ट्रैक्टर ट्रालियों व चोरी की घटनाओं पर रोक की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर



क्षेत्र में ओवरलोड ट्रैक्टर ट्रालियों के कारण होती सड़क दुर्घटनाओं सहित हो रही चोरी की घटनाओं पर रोक की मांग कांग्रेस ने की है। उक्त संबंध में सोमवार को कांग्रेस नेताओं ने सोहागपुर एसडीओपी संजू चौहान को आवेदन सौंपा है।

युवक कांग्रेस के सोहागपुर विधानसभा उपाध्यक्ष ऋषभ दीक्षित ने बताया कि ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष सुधीर ठाकुर के नेतृत्व में कांग्रेसियों ने एसडीओपी संजू चौहान से भेंट की। इस दौरान चौहान को मांगों के संबंध में आवेदन भी सौंपा गया है। आवेदन में उल्लेख किया गया है कि 17 जनवरी 2026 को रात आठ बजे पिपरिया रोड पर चौधरी पेट्रोल पंप के समीप हुई सड़क दुर्घटना में तीन किशोर बालकों की मृत्यु हो गई है। इस दुर्घटना का कारण सड़क पर अंधेरे में खड़ी ओवरलोडेड ट्रॉली थी तथा ये घटनाएं ओवरलोडेड ट्रैक्टर ट्रालियों के कारण आम हो चली हैं। अतः कांग्रेस की मांग है कि ओवरलोडेड ट्रैक्टर ट्रालियों की शहर से आवाजाही का समय निश्चित किया जाए। तथा रात्रि में इनकी निकासी मुख्य व अंदरूनी मार्गों पर बंद की जाए।

# रामचरितमानस हमें संपूर्ण जीवन मर्यादा से जीने की सीख देती हैः संध्या तिवारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ माखननगर



व्यास पीठ से कथावाचक मानस मोहिनी संध्या तिवारी ने पांचवें दिन कथा में मिथिला दर्शन पुष्प वाटिका सीताराम भेंट का प्रसंग सुनाया जहां श्रोता कथा सुनकर भाव विह्वल हो गए। सोमवार को भगवान राम के बाल्यकाल की कथा से आगे आज ऋषि विश्वामित्र राजा दशरथ माता कौशल्या से किशोर अवस्था के राम लक्ष्मण को मांग कर अपने साथ ले गए। सुंदर पुष्प वाटिका में माता सीता ने पहली बार प्रभु राम के दर्शन किए कथा पंडाल में बुधवार को राम विवाह होगा। कथावाचक दीदी संध्या तिवारी ने श्रोताओं से आग्रह किया कि आप सभी मिथिला वाशी बनकर आए और माता सीता का कन्यादान करें नगर के पत्रकारों ने कथा में पहुंचकर व्यास पीठ का पूजन किया इस अवसर पर हनुमान मंदिर महिला मंडल की अध्यक्ष किरण अग्रवाल अनीता सोनी रानी शर्मा सहित महिला मंडल ने पत्रकारों का स्मृति चिन्ह देकर सम्मान किया।

# शतचंडी महायज्ञ का शुभारंभ किया गया

हरिभूमि न्यूज ⏭ पिपरिया

नगर में प्रसिद्ध वाईन व्यारी राहुल जायसवाल के निवास स्थान पर प्रतिवर्ष की तरह इस वर्ष में भी गुप्त नवरात्रि प्रारम्भ में शतचंडी महायज्ञ का शुभारंभ किया गया है।

जानकारी अनुसार वर्तमान नवरात्रि प्रारम्भ हो गई है। इस वर्ष भी नासिक वाराणसी महाराष्ट्र से लगभग 21 विद्वानों ब्राह्मण सदाचारी शामिल हुए हैं। जिनके द्वारा




नौ दुर्गा पाठ, शतचंडी पाठ,जाप सहित नमक चमक से यज्ञ हवन आदि किया गया है।याद रहे कुछ समय पहले ही जंगद गुरु शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती का यही पर आगमन हुआ था। जिसमें लगभग 51कालो की चांदी की सिंहासन भेंट किया गया। लगातार भगवा- कामेश्वर शिव महादेव का अभिषेक किया गया था और राजराजेश्वर मंदिर का निर्माण कार्य करने का भी संकल्प राहुल जायसवाल के द्वारा लिया गया है। धर्म-कर्म के लिए हमेशा तैयार रहने वाले प्रत्येक नवरात्र में मां के उपासक सेवा में लीन रहते हैं।

## 15 फरवरी तक कर सकते हैं आवेदन

**नर्मदापुरम।** मुख्यमंत्री तीर्थदर्शन योजना के तहत जिले की अयोध्या-वाराणसी तीर्थयात्रा के लिए आवेदन आमंत्रित किए जा रहे हैं। यह यात्रा 1 मार्च से 6 मार्च तक आयोजित की जाएगी, जिसमें 200 तीर्थयात्रियों को शामिल होने का अवसर मिलेगा। उप संचालक सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण नर्मदापुरम ने बताया कि निकाय स्तर पर आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि 15 फरवरी 2026 है।

# सपाक्स संगठन की ब्लॉक व तहसील इकाईयों का गठन

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर

गत दिवस सपाक्स कर्मचारी संगठन की बैठक आस्था पब्लिक स्कूल शोभापुर में की गई। जिसमें संगठन जिला अध्यक्ष देवनारायण त्रिपाठी, एमए खान, जिला महामंत्री हरिशंकर वर्मा, जिला सचिव अमरीश दुबे, डीपी दुबे ने सपाक्स संघ की सोहागपुर ब्लॉक एवं तहसील की कार्यकारिणियां गठित कीं। संगठन में राजेंद्र मालवीय संरक्षक एवं पर्वत सिंह पटेल सहायक संरक्षक बनाए गए हैं। बैठक में पदोन्नति में आरक्षण का विरोध किया गया व शासन से मांग की गई कि सभी कर्मचारियों की शीघ्र पदोन्नति हो।

इस दौरान आस्था पब्लिक स्कूल प्राचार्य धनराज तिवारी सहित तरवर पटेल, उमेश ठाकुर, महेश रघुवंशी, केके पुरोहित, सचिन व्यास, अलका तिवारी, लक्ष्मी रघुवंशी, रितु मौर्य, हेमलता विश्वकर्मा, नीरज शर्मा, संजय दुबे, मुकेश रघुवंशी, नीलेश साहू, सौरभ पाठक, मनोज व्यास आदि उपस्थित थे।

### यह है कार्यकारिणी

सपाक्स की सोहागपुर ब्लॉक एवं तहसील इकाई में मैथिलीशरण पटेल अध्यक्ष अनुविभाग, राजेश दीक्षित तहसील अध्यक्ष, शाम्भवी दीवान अध्यक्ष अनुविभाग महिला प्रकोष्ठ, ज्योति मंडलोई सचिव अनुविभाग, सारिका देवलिया उपाध्यक्ष अनुविभाग, सपना मालवीय उपाध्यक्ष अनुविभाग, रूपेश साहू ब्लॉक उपाध्यक्ष, प्रमोद परसाई ब्लॉक उपाध्यक्ष, प्रवीण दुबे ब्लॉक सचिव, मुकेश मिश्रा व भरत साहू तहसील उपाध्यक्ष, संदीप अग्रवाल तहसील सचिव व जितेंद्र बैरागी मीडिया प्रभारी नियुक्त किए गए। सभी पदाधिकारियों को साथियों ने बधाई दी है।

### राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष पूर्ण होने पर ....

# जय श्री राम के नाम से गूंजी बालाजी बस्ती

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष पूर्ण होने के पावन अवसर पर बालाजी बस्ती, गांधी नगर, इटारसी स्थित नवग्रह दुर्गा मंदिर परिसर में आयोजित सकल हिंदू समाज सम्मेलन अत्यंत भव्य, गरिमामय एवं उत्साहपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ।

सम्मेलन के प्रारंभ पूर्व शीतला माता मंदिर, नेहरूगंज से आयोजन स्थल तक मातृशक्ति के नेतृत्व में भव्य कलश यात्रा निकाली गई। पीले वस्त्र धारण कर सिर पर कलश लिए महिलाओं की सहभागिता से संपूर्ण मार्ग भक्तिमय एवं उल्लासपूर्ण वातावरण में परिवर्तित हो गया। मार्ग में विभिन्न स्थानों पर बस्तीवासियों द्वारा पुष्पवर्षा कर कलश यात्रा का स्वागत किया गया। सम्मेलन का शुभारंभ "जय श्रीराम" एवं "भारत माता की जय" के



गगनभेदी उद्घोष के साथ हुआ। मंचासीन अतिथियों द्वारा भारत माता एवं वीरांगनाओं के तेल चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ किया गया।

हिंदू सम्मेलन में मुख्य वक्ता के रूप में सेवा भारती प्रान्त संगठन मंत्री श्री सुरेन्द्र सिंह जी सोलंकी ने हिंदू समाज की एकता, समरसता, संस्कार एवं सेवा भाव पर ओजस्वी विचार रखे। विशिष्ट संत अतिथि के रूप में आचार्य श्री सुमितानंद महाराज (कर्मकांडी ब्राह्मण) की गरिमामयी उपस्थिति रही।

कार्यक्रम में विशेष रूप से पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष एवं मीसाबंदी स्वर्गीय श्री प्रकाश वल्लभ सोनी की पत्नी पदमा सोनी, हिंदू सम्मेलन नगर संयोजक डॉ. पंकजमणि पहाड़िया, समिति संयोजक श्री राकेश जाधव एवं वरिष्ठ पत्रकार प्रमोद पगारे मंचासीन रहे। सम्मेलन के दौरान सामूहिक हनुमान चालीसा पाठ किया गया, जिससे संपूर्ण वातावरण भक्तिरस से सराबोर हो गया। सामाजिक समरसता को साकार करते हुए विभिन्न हिंदू समाज के प्रबुद्धजनों हरवंश लाल हुरा, राजकुमार दुबे, हरे राम चावारिया, तारा बाई साहू, अशोक भाट एवं सावित्री सैनी — का मंच से सम्मान किया गया।

## राष्ट्रीय स्तर पर इशिका ने जीता मिस टैलेंटेड का खिताब




**इटारसी।** शहर की प्रतिभाएं अब राष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान दर्ज करा रही हैं। इसी क्रम में इटारसी की इशिका अग्रवाल ने राजस्थान की राजधानी जयपुर में आयोजित इंडियास टॉप मॉडल सीजन-8 प्रतियोगिता में मिस टैलेंटेड का प्रतिष्ठित अवार्ड जीतकर शहर का गौरव बढ़ाया है। जयपुर में आयोजित इस राष्ट्रीय प्रतियोगिता में देश के विभिन्न राज्यों से लगभग 200 बच्चों ने हिस्सा लिया था। इशिका अग्रवाल इटारसी की न्यास कॉलोनी की निवासी हैं। वे शिक्षिका श्वेता अग्रवाल की सुपुत्री हैं। उनकी इस सफलता ने यह साबित कर दिया है कि उचित मार्गदर्शन और कड़ी मेहनत से छोटे शहर की प्रतिभाएं भी बड़े मंचों पर सफलता हासिल कर सकती हैं।

# औचक निरीक्षण पर पहुंचे एसडीएम स्वास्थ्य केन्द्र

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी




मंगलवार को एसडीएम निलेश शर्मा द्वारा केसला ब्लाक स्थित सुखतवा उपस्वास्थ केंद्र का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान डॉक्टर, समस्त स्टाफ एवं मरीजों से चर्चा की गई जिसमें साफ सफाई ,ओपीडी, इमरजेंसी केसों के बारे में बारीकी से जानकारी लेते हुए आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए ।इसके पश्चात ग्राम भरगदा में भी एकलव्य आवासीय विद्यालय का भी निरीक्षण किया गया , जिसमें छात्र , छात्राओं से शिक्षा के महत्व एवं उज्जवल भविष्य निर्माण के लिए अभिप्रेरित किया गया। साथ ही बालक छात्रावास का भी निरीक्षण किया जिसमें छात्रों को मिलने वाली आवश्यक सुविधाएं जैसे भोजन व्यवस्था , पीने का पानी , रसोईघर , एवं साफ सफाई का जायजा लिया अपितु विद्यालय प्राचार्या एवं उपस्थित स्टाफ के साथ भोजन ग्रहण कर भोजन की गुणवत्ता की भी जांच की गई ।निरीक्षण के दौरान प्राचार्या नागर,अतिरिक्त तहसीदार हीरू कमरे एवं अन्य स्टाफ भी मौजूद रहे।

## खबर संक्षेप



### सर्व ब्राह्मण महिला मंडल ने मनाया हल्दी-कुमकुम उत्सव

**सीहोर।** हर साल की तरह इस साल भी शहर के खजांची लाइन स्थित ब्राह्मण धर्मशाला में सर्व ब्राह्मण महिला मंडल के तत्वाधान में आस्था और उत्साह के साथ हल्दी-कुमकुम उत्सव का आयोजन किया गया। इस मौके पर बड़ी संख्या में महिलाएं शामिल थी। इस संबंध में जानकारी देते हुए सर्व ब्राह्मण महिला मंडल की अध्यक्ष नीलम शर्मा ने बताया कि मकर संक्रांति पर हर साल महिलाओं के द्वारा हल्दी-कुमकुम उत्सव का आयोजन किया जाता है। इस साल भी ब्राह्मण धर्मशाला में उत्सव के साथ आयोजन किया गया और मकर संक्रांति पर्व मनाया गया। महिलाओं के द्वारा कीर्तन और भजन के पश्चात भोजन प्रसादी वितरण की गई। उन्होंने बताया कि उत्सव के दौरान सुहाग सामग्री महिला मंडल की ओर से भेट की गईं एवं आगामी माह मे 1 मार्च को फाग उत्सव मनाना सुनिश्चित किया।

### नर्मदा जयंती पर प्रतिमा प्राण-प्रतिष्ठा, महाआरती व भंडारे के साथ होगा समापन

# कलश यात्रा के साथ गूंजे नर्मदा महिमा के उद्घोष साधना धाम में शुरू हुई श्री नर्मदा पुराण कथा





हरिभूमि न्यूज ▶▶ भैरुंदा

तहसील भैरूंदा के ग्राम अतरालिया (मंडी) स्थित साधना धाम आश्रम में सोमवार को श्री नर्मदा पुराण कथा का शुभारंभ अत्यंत भव्य, श्रद्धामय और उल्लासपूर्ण वातावरण में हुआ। मां नर्मदा नदी की महिमा के उद्घोष के साथ निकली कलश यात्रा ने पूरे क्षेत्र को भक्तिरस में सराबोर कर दिया। आयोजन की शुरुआत सुबह मंगल कलश यात्रा से हुई, जिसमें बड़ी संख्या में महिलाओं व श्रद्धालुओं ने सिर पर कलश धारण कर आश्रम परिसर से ग्राम मंडी के पावन नर्मदा तट तक पदयात्रा की।

कलश यात्रा के दौरान नर्मदा तट पर वैदिक मंत्रोच्चार के बीच विधिवत पूजन-अर्चन एवं आरती संपन्न हुई। इसके पश्चात श्रद्धालुओं का जत्था पुनः कथा स्थल साधना धाम आश्रम पहुंचा, जहां विधिविधान से श्री नर्मदा पुराण कथा का आरंभ किया गया। यात्रा मार्ग पर ग्रामवासियों ने पुष्पवर्षा कर श्रद्धालुओं का आत्मीय स्वागत किया। कई स्थानों पर पेयजल की व्यवस्था की गई, वहीं विशेष आकर्षण के रूप में जेसीबी मशीनों से पुष्पवर्षा की गई, जिसने आयोजन को और अधिक भव्यता प्रदान की। बैंड-बाजों की मधुर धुनों पर नाचते-झूमते श्रद्धालु, आगे-आगे चलती आतिशबाजी और मां नर्मदा के जयघोष से पूरा मार्ग भक्तिमय हो उठा। कथा वाचन कर रहे प्रसिद्ध कथावाचक निलेश उपाध्याय ने श्री नर्मदा पुराण के प्रसंगों का भावपूर्ण और सरल भाषा में वर्णन किया। उन्होंने कहा कि नर्मदा पुराण में मां नर्मदा की उत्पत्ति, उनकी महिमा और मानव जीवन में उनके आध्यात्मिक महत्व का विस्तृत वर्णन है। कथावाचक ने बताया कि मां नर्मदा को शिव पुत्री कहा गया है और वे साक्षात धरती पर विद्यमान हैं। उनकी उपासना से जीवन में शुद्धता, संयम और मोक्ष का मार्ग प्रशस्त होता है। उन्होंने शास्त्रों का उल्लेख करते हुए कहा कि मां नर्मदा के जल का स्पर्श पाषाण को भी शिवत्व प्रदान कर देता है। मान्यता के अनुसार मां नर्मदा ने भगवान शंकर से यह वरदान प्राप्त किया कि उनके जल में सदा शिव का वास रहेगा, इसी कारण नर्मदा के कंकर-कंकर में शिव का निवास माना जाता है और नर्मदेश्वर का विशेष धार्मिक महत्व है। श्री नर्मदा पुराण कथा का आयोजन प्रतिदिन दोपहर 1 बजे से 4 बजे तक साधना धाम आश्रम, अतरालिया मंडी में किया जा रहा है।

## प्रवासी परिंदा की तरह आए और यहीं बस गए थे जनार्दन शर्मा: रघुवर गोहिया



**सीहोर।** सोमवार को सुकवि पंडित जनार्दन शर्मा स्मृति सम्मान समारोह उनकी 47वीं पुण्य तिथि पर नगर के रैंबो प्ले स्कूल में आयोजित किया गया। इस अवसर पर आयोजित समारोह के मुख्य अतिथि पूर्व नपा अध्यक राकेश राय थे।

अपने संबोधन में श्री राय ने कहा कि सीहोर अपने शहर के बुजुर्गों और सभी क्षेत्र की प्रतिभाओं का सम्मान करने में अग्रणी रहा है। स्व. जनार्दन शर्मा की स्मृति में यह आयोजन करने के लिए मैं अंबादत्त भारतीय स्मृति संग्रहालय और शोध संस्थान के संस्थापक अध्यक्ष रघुवर दयाल गोहिया और अभा साहित्य परिषद के जिला अध्यक्ष डॉ. विजेंद्र जायसवाल को साधुवाद देता हूं। कार्यक्रम के बारे में और स्व. जनार्दन शर्मा के व्यक्तित्व व कृतित्व पर विस्तार से जानकारी रघुवर दयाल गोहिया ने दी। उन्होंने कहा कि जनार्दन शर्मा स्वभाव से जुझारू और संघर्षशील व्यक्ति थे। उनकी रचनाओं में भी यही जुझारूपन, विद्रोह और संघर्ष करने की धार नजर आती है। वह प्रवासी परिंदे की तरह अकेले उत्तरप्रदेश के एक छोटे से गांव से यहां आए और यहीं के होकर रह गए। इस शहर ने उनके नहीं रहने के बाद उन्हें पहचाना। यह बहुत बड़ी बात है कि उनके निधन के 47 वर्षों के बाद भी सीहोर के साहित्यकार जनार्दन को समारोह आयोजित कर याद करते हैं। समारोह का सफल संचालन डॉ. ब्रिजेंद्र जायसवाल ने किया।

इस अवसर पर काव्य गोष्ठी का आयोजन भी किया गया। काव्य गोष्ठी में सर्वश्री रामनारायण राठौर, हरिओम शर्मा, द्वारिका बांसुरिया, विनोद पंसारी, जयमाल सिंह राजपाल, धर्मराज देशराज, त्रिलोचन प्रसाद दुबे, हीरालाल जायसवाल अनाड़ी, ओम दीप, हरिश चंद्र आर्य, जोरावर सिंह, लक्ष्मण सिंह चौकसे, हीरालाल शर्मा, गोविन्द लोवानिया, जितेंद्र नारोलिया, संतोष हिन्दू सनातनी, निर्मल पचोरी, कैलाश चव्हाण, संतोष जैन संतू, डॉ. विजेन्द्र जायसवाल, राहुल ठाकुर आदि ने अपनी रचनाओं का सस्वर पाठ किया।

# बीएलओ किसी के दबाव में न आएं: राजीव गुजराती

### कांग्रेसजनों ने सौंपा जिला निर्वाचन अधिकारी को ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सीहोर




प्रदेश अध्यक्ष जीतु पटवारी के निर्देशानुसार सीहोर जिला कांग्रेस अध्यक्ष राजीव गुजराती के नेतृत्व में कांग्रेस के पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं द्वारा जिला निर्वाचन अधिकारी को ज्ञापन सौंपा। राजीव गुजराती ने ज्ञापन का वाचन करते हुए कहा कि फार्म 07 की तिथिवार/बूथवार जानकारी प्रदान की जावे एवं यह सुनिश्चित किया जावे कि फार्म 07 वही मान्य हों जो निर्वाचन आयोग द्वारा छपवाकर दिये गये हैं, अन्य फार्म स्वीकार नहीं किए जाएँ। यदि निर्वाचन आयोग से बाहर के छपे फार्म 07 जमा किए गये हों तो उन्हें निरस्त किया जावे।

एक दिन में अधिकतम 15 फार्म ही स्वीकार किये जावे। एक दिन में 15 से अधिक फार्म जमा नही किये जावे, ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि गलत नाम तो नही जोड़े जा रहे हैं।

फार्म नं. 07 की अंतिम तीन दिन की जानकारी हमें दी जावे ताकि किस बूथ पर कितने फार्म जमा हो रहे हैं, हमारे द्वारा इसका अवलोकन किया जा सके। सत्ता धारी दल के लोगो द्वारा सरकारी बीएलओ पर नाम कटवाने का दबाव बनाया जा रहा है जोकि अनुचित है और पूर्णतः नियम विरुद्ध है। इसे तत्काल रोका जाए। राजीव गुजराती ने आगे यह भी कहा कि हमारे बीएलए द्वारा बताया गया है कि कई पोलिंग बूथों पर सरकारी बीएलओ नाम जोडऩे में आनाकानी कर रहे हैं और वह अपने पोलिंग बूथ पर नहीं पहुंच रहे हैं। सरकारी बीएलओ किसी भी दबाव में ना आए और ना ही गलत नाम जोड़ सके। ऐसा सुनिश्चित किया जाए कि जिले के सभी बीएलओ के जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा निर्देशित किया जाए ताकि वह किसी भी प्रकार के दवाब में ना आकर निष्पक्ष रूप से एसआईआर में कार्य कर सके। यदि किसी भी बीएलओ द्वारा अनैतिक कार्य करने का प्रयास किया तो उन पर तत्काल कार्यवाही की जाए ।

इस अवसर पर उपस्थित कांग्रेसजनों में प्रमुख रूप से विवेक राठौर, प्रीतम दयाल चौरसिया, सुनील दुबे, के.के.रिछारिया, तुलसी राजकुमार राठौर, भगत सिंह तोमर, हरिओम सिसोदिया, अनुभव सेन, विक्की विश्वकर्मा सहित बड़ी संख्या में कांग्रेसजन उपस्थित रहे।

## पीएम श्री बालक विद्यालय में तीन दिवसीय इंटर हाउस कंपटीशन का शुभारंभ




**भैरूंदा।** पीएम श्री शासकीय बालक माध्यमिक विद्यालय में सोमवार को तीन दिवसीय इंटर हाउस कंपटीशन का शुभारंभ हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती के पूजन-अर्चन के साथ की गई। शुभारंभ अवसर पर रमा शिशिर, चेतना सोलंकी, अशफाक मंसूरी, चित्रलेखा पचौरी, राधिका जैमिनी एवं अर्जुन सिंह सोलंकी उपस्थित रहे। अतिथियों का स्वागत स्वागत गीत एवं फूलमालाओं के साथ किया गया। मुख्य अतिथि चित्रलेखा पचौरी ने बच्चों को खेलकूद के महत्व से अवगत कराते हुए 'दो चूहों' की कविता पूरे हाव-भाव के साथ सुनाई, जिसमें बच्चे उत्साहपूर्वक उनके साथ कविता दोहराते नजर आए। यह दृश्य सभी के लिए आकर्षण का केंद्र रहा।

चेतना सोलंकी ने खेल भावना और अनुशासन पर प्रकाश डाला, वहीं अर्जुन सिंह सोलंकी ने खेलों से जीवन में आने वाले सकारात्मक बदलावों की जानकारी दी। रमा शिशिर ने टीमवर्क और सहयोग की भावना के विकास पर जोर दिया। संस्था की वरिष्ठ शिक्षिका रूक्मणी दुबे ने भी विद्यार्थियों को संबोधित किया। कार्यक्रम के अंत में संस्था के प्राचार्य राकेश वर्मा ने सभी अतिथियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि पीएम श्री योजना के अंतर्गत विद्यार्थियों में नेतृत्व क्षमता विकसित करने और समग्र शिक्षा प्रदान करने का निरंतर प्रयास किया जा रहा है। मंच संचालन सारिका पाठक द्वारा किया गया। इस दौरान कबड्डी टीम से अतिथियों ने मुलाकात की और टॉस कराकर मैच का शुभारंभ कराया। खेल शिक्षक पंकज वर्मा एवं स्वतंत्र विश्वकर्मा के मार्गदर्शन में विभिन्न खेल प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी। प्रतियोगिता का समापन 21 जनवरी 2026 को अपराह्न 3 बजे होगा, जिसमें विजेता विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया जाएगा। इंटर हाउस कंपटीशन के सफल आयोजन में विद्यालय के समस्त शिक्षक-शिक्षिकाओं का सराहनीय सहयोग रहा, जिनमें रंजीता सैनी, रामनाथ मालवीय, राजेश पारे, स्निग्ध नागवे, वंदना दुबे, शसुनीता उईके, दीपिका शर्मा एवं रितिका शर्मा शामिल रहे।

## हिंदू सम्मेलन में अयोध्याधाम की झांकी रही आकर्षण का केंद्र




**भैरुंदा।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में रविवार को भैरुंदा नगर की केशव बस्ती में विशाल हिंदू सम्मेलन का भव्य आयोजन किया गया। शुभम कॉन्वेंट विद्यालय के पीछे स्थित मैदान में आयोजित इस सम्मेलन में आस्था, संस्कृति और समरसता का अद्भुत संगम देखने को मिला। आयोजन की शुरुआत राधा-कृष्ण मंदिर से निकली कलश यात्रा से हुई, जो नगर के प्रमुख मार्गों से होते हुए कार्यक्रम स्थल पर पहुंची। यात्रा के दौरान श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी और पूरा नगर जयकारों से गूंज उठा। कार्यक्रम के मुख्य मार्ग पर अयोध्या धाम की भव्य झांकी आकर्षण का केंद्र रही। झांकी में सीता रसोई, चौका-चूल्हा, मक्खन मथनी, शबरी की कुटिया और लव-कुश पुस्तकालय जैसी सजीव प्रस्तुतियां सजाई गईं, जिन्होंने सनातन संस्कृति की झलक को जीवंत कर दिया। नगर मानो ग्राम दर्शन का केंद्र बन गया। आयोजन स्थल पर घास की झोपड़ी, बैलगाड़ी और पारंपरिक घरेलू साज-सामान के माध्यम से ग्रामीण परिवेश को साकार किया गया, जिसने लोगों को पुराने गांवों की सादगी और आत्मीयता की याद दिला दी।

हिंदू सम्मेलन में बस्ती के लोगों ने बढ़-चढ़कर सहभागिता की। मुख्य मार्ग को धार्मिक और सांस्कृतिक रंगों से सजाया गया। बच्चों ने भगवान रामलला, लक्ष्मण, माता सीता और हनुमानजी का सजीव रूप धारण कर सभी का मन मोह लिया। बच्चों की अनुशासित प्रस्तुति, वेशभूषा और भाव-भंगिमा को देखकर श्रद्धालु भाव-विभोर हो गए। मार्ग के दोनों ओर खड़े नागरिकों ने "जय श्रीराम" के जयघोष के साथ कलाकारों का उत्साहवर्धन किया। मंच पर मुख्य वक्ता ब्रजकिशोर भार्गव (प्रांत ग्राम विकास प्रमुख, मध्यभारत प्रांत), मातृशक्ति वक्ता चित्रलेखा पचौरी, संत वक्ता ब्रह्म कुमारी उर्मिला तथा हिंदू सम्मेलन आयोजन समिति के अध्यक्ष विजेंद्र शर्मा उपस्थित रहे।

मुख्य वक्ता ब्रजकिशोर भार्गव ने कहा कि भारत की सीमाएं देव-निर्मित हैं, इसलिए इसे देवभूमि कहा जाता है। विश्व में केवल हिंदू ही पृथ्वी को माता मानते हैं, इसी भाव से "भारत माता की जय" का उद्घोष करते हैं। उन्होंने समरसता पर बल देते हुए कहा कि जिस प्रकार भगवान राम ने शबरी के झूठे बेर स्वीकार किए, उसी तरह समाज में भेदभाव त्यागकर भाईचारे का व्यवहार अपनाना चाहिए। 'स्व' का बोध कराते हुए उन्होंने भजन, भोजन, भाषण और भूषा में स्वदेशी अपनाने का आह्वान किया।

उन्होंने कहा कि भारत की आत्मा गांवों में बसती है, इसी कारण राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ अपने शताब्दी वर्ष में ग्राम-ग्राम और बस्ती-बस्तियों में हिंदू सम्मेलन आयोजित कर रहा है,

### सीएम हेल्पलाइन प्रकरणों में लापरवाही पर कलेक्टर ने दिखाई सख्ती

# रेलवे-नेशनल हाईवे भू-अर्जन में हो रहे विलंब पर कलेक्टर ने अधिकारियों को लगाई फटकार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सीहोर



जिला पंचायत सभाकक्ष में आयोजित टीएल बैठक के दौरान कलेक्टर बालागुरू के. ने सीएम हेल्पलाइन पर प्राप्त शिकायतों के समय पर एवं संतुष्टिपूर्ण निराकरण नहीं होने पर कड़ा रुख अपनाया है। उन्होंने स्पष्ट चेतावनी देते हुए कहा कि जिन अधिकारियों द्वारा निर्धारित समय-सीमा में शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण समाधान नहीं किया जाएगा, उन पर जुर्माना लगाया जाएगा। कलेक्टर ने निर्देश दिए कि सभी विभाग सीएम हेल्पलाइन प्रकरणों को सर्वोच्च प्राथमिकता पर लें, आवेदकों से समन्वय बनाए रखें तथा फीडबैक के साथ प्रकरणों का निराकरण सुनिश्चित करें, ताकि आमजन को वास्तविक और समयबद्ध राहत मिल सके।

उन्होंने नेशनल हाईवे परियोजना के लिए भू-अर्जन की कार्रवाई में हो रहे विलंब पर घोर नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को फटकार लगाते हुए कहा कि भू-अर्जन में देरी के कारण परियोजनाओं की शुरुआत प्रभावित हो रही है, जिससे आम जनता को सुविधाएं मिलने में अनावश्यक विलंब हो रहा है। कलेक्टर ने स्पष्ट निर्देश दिए कि इस कार्य में आपसी समन्वय के साथ आ रही समस्याओं का शीघ्र समाधान किया जाए। उन्होंने रेलवे एवं नेशनल हाईवे परियोजनाओं के लिए आवश्यक भू-अर्जन की कार्रवाई जल्द से जल्द पूरी करने के निर्देश भी दिए, ताकि विकास कार्यों में तेजी लाई जा सके और जनता को जल्द लाभ मिल सके। कलेक्टर बालागुरू के. ने जिलेभर में जल संबंधी समस्याओं के त्वरित समाधान हेतु जल सुनवाई आयोजित करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि पेयजल आपूर्ति, जलस्तर, हैंडपंप, नल-जल योजना सहित अन्य जल संबंधी शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए उनका समयबद्ध निराकरण किया जाए। कलेक्टर ने संबंधित विभागों को आपसी समन्वय के साथ जल सुनवाई का आयोजन करने, आमजन की समस्याएं मौके पर सुनने और तत्काल कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए, ताकि लोगों को शीघ्र राहत मिल सके। कलेक्टर बालागुरू के. ने शासकीय उचित मूल्य दुकानों से राशन वितरण की समीक्षा के दौरान राजस्व एवं खाद्य विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि संदिग्ध एवं अपात्र हितग्राहियों के नाम सूची से हटाए जाएं, ताकि वास्तविक और पात्र हितग्राहियों के नाम जोड़े जा सकें। कलेक्टर ने मध्याह्न भोजन योजना के तहत खाद्यान्न के उठाव एवं वितरण को समय पर सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए। उन्होंने कहा कि किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी और सभी विभाग आपसी समन्वय से कार्य करते हुए योजनाओं का लाभ पात्र हितग्राहियों तक समयबद्ध रूप से पहुंचाएं।

कलेक्टर बालागुरू के. ने भावान्तर भुगतान योजना के तहत सोयाबीन की खरीदी के लिए निर्धारित अंतिम तिथि तक की गई समस्त खरीदी की जानकारी पोर्टल पर अनिवार्य रूप से दर्ज करने के निर्देश दिए गए हैं। कलेक्टर ने शासन के निर्देशानुसार सत्यापन सहित अन्य आवश्यक कार्यवाहियों को शीघ्र पूर्ण करने पर जोर दिया। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि योजना के अंतर्गत सभी पात्र किसानों का भुगतान समयबद्ध रूप से सुनिश्चित किया जाए। साथ ही जिन किसानों के ई-पेमेंट असफल (फेल) हुए हैं, उनके प्रकरणों में त्वरित कार्रवाई करते हुए जल्द से जल्द रिपेमेंट कराने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए गए, ताकि किसानों को किसी प्रकार की परेशानी न हो। कलेक्टर बालागुरू के. ने जिले में संचालित संकल्प से समाधान अभियान संचालन प्रगति की विस्तृत समीक्षा की। कलेक्टर ने अभियान के अंतर्गत प्राप्त आवेदनों एवं समस्याओं के निराकरण में गति लाने, विभागों के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करने तथा आमजन को समय पर राहत उपलब्ध कराने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि यह अभियान 31 मार्च 2026 तक ग्राम पंचायत, नगरीय निकाय, तहसील एवं जिला स्तर पर संचालित किया जा रहा है। अभियान के तहत भारत सरकार एवं राज्य शासन की विभिन्न हितग्राही मूलक योजनाओं सहित अन्य सेवाओं का लाभ निर्धारित लक्ष्यों के अनुरूप पात्र हितग्राहियों को प्रदान किया जा रहा है।

### 4 प्रयोगशालाओं में किया जा रहा जल की गुणवत्ता का परीक्षण

**सीहोर।** कलेक्टर बालागुरू के. के निर्देशानुसार जिले में आमजन को शुद्ध, सुरक्षित एवं गुणवत्तापूर्ण पेयजल की सतत उपलब्धता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग द्वारा सीहोर जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में स्थित हैंडपंपों एवं नल जल प्रदाय योजनाओं के स्त्रोतों में निरंतर क्लोरीनेशन का कार्य किया जा रहा है। लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के कार्यपालन यंत्री प्रदीप सक्सेना ने बताया कि जिले में 04 उपखण्डीय प्रयोगशालाएं स्थापित हैं, जिनमें निरंतर जल नमूनों का जल परीक्षण किया जा रहा है। विगत 01 माह में 1215 जल नमूनों का परीक्षण किया जा चुका है। इसके अतिरिक्त नलजल प्रदाय योजनाओं में स्थापित उच्च स्तरीय टंकियों की सफाई का कार्य भी प्रगतिरत हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में अधिकारी और तकनीकी अमला फील्ड टेस्ट किट के माध्यम से भी जल का परीक्षण कर रहे हैं।